>

Title: Need to set up a cotton-based industry and Textile Park in Parbhani, Maharashtra.

श्री तुकाराम गणपतराव रेंगे पाटील (परभनी): अध्यक्ष महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र परभनी में कॉटन काफी मात्रा में पैदा होता है और बहुत सी अच्छी क्वालिटी का है। परंतु इस क्षेत्र में कॉटन आधारित कोई भी उद्योग नहीं है और न ही कोई प्रोसेस यूनिट है जिसके कारण यहां से कॉटन अन्य क्षेत्र में जाता है जहां पर उत्पादन लागत ज्यादा आती है। अगर इस क्षेत्र में केन्द्र सरकार की सहायता से छूट, रियायत एवं अन्य सुविधाओं सहित कॉटन आधारित उद्योग, प्रोसेस यूनिट स्थापित करने के लिए कदम उठाये जाये एवं टैक्सटाइल पार्क बनाने की पहल की जाये तो इस क्षेत्र में कम लागत पर कपड़ों का उत्पादन किया जा सकता है और इस पिछड़े क्षेत्र का संतुलित विकास हो सकेगा और लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि परभनी में कॉटन आधारित उद्योगों की स्थापना के लिए कदम उठाये जायें।

---

* Treated as laid on the Table.